निर्माण

कोल इंडिया लिमिटेड की एक सीएसआर पहल

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक महारत्न कंपनी है। वित्त वर्ष 23-24 में 773.6 मिलियन टन उत्पादन के साथ यह दुनिया की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी है। कंपनी भारत की ऊर्जा सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता है। गत 10 वर्षों में 5,500 करोड़. रु. से भी अधिक सीएसआर व्यय के साथ सीआईएल समाज के जरूरतमंद वर्गों के विकास की दिशा में भी प्रयासरत है।

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा के लिए हर साल लगभग 10 लाख अभ्यर्थी आवेदन करते हैं। सीआईएल ने अपने खनन वाले जिलों से यूपीएससी सिविल सेवा और वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों को एक लाख रुपये (₹ 1 लाख) की वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के तहत 'निर्माण' (NIRMAN - Noble Initiative for Rewarding Mains Aspirants of National Civil Service Examination) योजना की शुरुआत की है।

इस योजना का उद्देश्य 'विकसित भारत @2047' के स्वप्न को साकार करने हेतु कोयलाञ्चल के प्रतिभाशाली ज़रूरतमन्द कर्मयोगियों को परीक्षा के अगले चरणों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करना है।

पात्रता मापदंड:

1. यह योजना ऐसे अभ्यर्थियों के लिए है जो वर्ष 2024 मे यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा/वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 में उत्तीर्ण हुये हो , सीआईएल/अनुषंगी कंपनियों के किसी भी खनन जिले के स्थायी निवासी हो तथा जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 8 लाख रुपये से कम हो।

2. निम्नलिखित श्रेणियों के उम्मीदवार योजना के तहत आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं:

क) केंद्र सरकार/राज्य सरकार/केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के स्थायी कर्मचारी

ख) कोल इंडिया लिमिटेड/उसकी किसी अनुषंगी कंपनी के कर्मचारियों के वार्ड/बच्चे

ग) जो उपरोक्त क्रम संख्या 1 पर पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं

योजना के बारे में अधिक जानकारी एवं आवेदन के लिए, कृपया दिए गए लिंक https://nirman.cmpdi.co.in/ पर जाएं।

COAL INDIA LIMITED

A Maharatna Company

Coal Bhawan, Premise No-04 MAR,

PLot No-AF-III, Action Area-1A

New Town, Rajarhat, Kolkata-700 156

www.coalindia.in